जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

17 सितम्बर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया का पर्यटन एवं आतिथ्य प्रबंधन विभाग विश्व पर्यटन दिवस को बड़े उत्साह से मनाएगा**

जामिया मिल्लिया इस्लामिया का पर्यटन एवं आतिथ्य प्रबंधन विभाग दिनांक 27 सितंबर, 2024 को विश्व पर्यटन दिवस को उत्साहपूर्वक मनाएगा जिसका वैश्विक थीम "पर्यटन और शांति" होगा। इस वर्ष इस आयोजन को भारतीय पर्यटन (उत्तर), पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गर्व सहित समर्थन प्रदान किया गया है। इस अवसर को मनाने के लिए पर्यटन एवं आतिथ्य प्रबंधन विभाग ने कई आकर्षक कार्यक्रमों की योजना बनाई है जो शांति एवं सद्भाव को बढ़ावा देने में पर्यटन की भूमिका पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

इस दिन तीन प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे :

**1. पर्यटन गोलमेज:** विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और केंद्रों के संकाय सदस्यों को "पर्यटन के माध्यम से शांति" विषय पर इस गोलमेज चर्चा में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। आज विश्व के समक्ष आने वाली चुनौतियों को विभिन्न सत्र संबोधित करेंगे और यह बात का पता लगाया जाएगा कि किस प्रकार पर्यटन व्यक्तिगत, सामाजिक, पर्यावरणीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शांति स्थापित करने में योगदान दे सकता है।

**2. जामिया बिरयानी लीग:** यह एक दोस्ताना पाक उत्सव होगा जहाँ विभिन्न विभागों के शिक्षक क्षेत्रीय बिरयानी बनाकर अपने पाक कौशल का प्रदर्शन करेंगे। यह कार्यक्रम जामिया के विविध समुदायों को जश्न मनाने के अवसर प्रदान करता है और सांस्कृतिक आदान-प्रदान हेतु एक स्वादिष्ट अवसर प्रदान करता है। टीमें विभाग के प्रशिक्षण रसोई में अपनी बिरयानी तैयार करेंगी और पाक कला में महारत हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

**3. लेंसेज़ ऑफ़ लाइफ़** - फ़ोटोग्राफ़ी प्रतियोगिता: छात्रों को अपने लेंस के माध्यम से इस दिन के विभिन्न अवसरों को कैप्चर करने के लिए आमंत्रित किया गया है। प्रतियोगिता दो थीमों पर केंद्रित होगी: "पर्यटन एवं शांति" और "पाक कला के रंग।" यह कार्यक्रम छात्रों को जामिया मिल्लिया इस्लामिया में शांति और विविधता के उत्सव को रचनात्मक रूप से प्रलेखित करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

ये कार्यक्रम पर्यटन के लेंस के माध्यम से शांति एवं सद्भाव का जश्न मनाने और उसे बढ़ावा देने के विभाग के प्रयास का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह समारोह विभाग के युवा पर्यटन क्लब, "मेज़बान-ए-सैय्या" के तत्वावधान में भारतीय पर्यटन (उत्तर), पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के समन्वयक हैं डॉ नुसरत यास्मीन (9971780274), अजय मोरिया (7988967902), शेफ सिद्धार्थ (9013545021) और डॉ महुआ रॉय (8826899584)।

अधिक जानकारी के लिए कृपया जामिया मिल्लिया इस्लामिया के पर्यटन एवं आतिथ्य प्रबंधन विभाग से संपर्क करें।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया